म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26-अरेरा हिल्स किसान भवन भोपाल

क्रमांक/सम्पदा/3/1/ब/पार्ट-9/मुरैना/1569 भोपाल, दिनांक 27/01/2023

प्रति

1- संयुक्त संचालक,
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय- ....(समस्त)

2- कार्यपालन यंत्री
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
तकनीकी संभाग-........(समस्त)

3- सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
-----------जिला------------(समस्त)

विषय- गैर विपणन कृषि कार्य हेतु भूमि/भवन आवंटन के प्रस्ताव प्रेषित न करने हेतु।

प्रायः यह देखा जा रहा है कि प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों द्वारा बगैर परीक्षण किये, भूमि एवं संरचना का आवंटन नियम 2009 से भिन्न भूमि आवंटन के प्रस्ताव, मुख्यालय को प्रेषित कर दिये जाते है, जिनके संबंध में निम्नानुसार व्यवस्था निर्धारित की जाती है –

कृषि उपज मंडी समितियों के पास प्रांगण भूमि क्षेत्र सीमित है, मंडी की भूमि के व्ययन हेतु म.प्र.कृषि उपज मण्डी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 में प्रक्रिया निर्धारित है, जिसके अनुसार ही भूमि/संरचना का आवंटन किया जाना होता है। किन्तु वर्तमान में कतिपय मंडी समिति सचिवों/आंचलिक कार्यालयों द्वारा अपने मंडी समिति एवं संभाग में गैर कृषि विपणन कार्य हेतु अन्य विभागो को भूमि आवंटन के प्राप्त प्रस्ताव का पूर्ण परीक्षण किये बिना ही सीधे मुख्यालय प्रेषित कर दिये जाते हैं, जिससे जिला कलेक्टर एंव अन्य विभागों द्वारा चाही गयी भूमि के प्रकरणों में विरोधाभाषी स्थिति निर्मित होती है। इस प्रकार समस्त प्रेषित प्रस्ताव मुख्यालय स्तर पर लंबित रहते हैं और उनके निराकरण में काफी समय व्यतीत होता है।

अतः मंडी समितियों द्वारा भूमि आवंटन के प्रेषित प्रस्तावों को मुख्यालय प्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जावे कि म.प्र.कृषि उपज मण्डी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 के तहत सूक्ष्म परीक्षण कर लिया गया है तथा पर्याप्त लेआउट आदि का निर्धारण कराकर आचंलिक कार्यालय की अनुशंसा व स्पष्ट अभिमत के साथ प्रस्ताव मान्य अथवा अमान्य की टीप के साथ ही मुख्यालय भेजे जावे।

उपरोक्त निर्देश का पालन कडाई से पालन सुनिश्चित हो।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Gwaior Div. Letter

क्रमांक/सम्पदा/3/1/ब/पार्ट-9/मुरैना/1570 भोपाल, दिनांक 27/01/2023

प्रतिलिपि-

निज सहयक प्रबंध संचालक सह आयुक्त मंडी बोर्ड भोपाल।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल